## घर के भीतर सुरक्षा

- कभी भी किसी स्विच या एप्लांयस को गीले हाथों से या फिर गीले फर्श पर खड़े होकर या फिर बाथटब में या शॉवर के नीचे खड़े होकर नहीं छुएं।
- अगर किसी एप्लायंस या उपकरण में खराबी की आशंका है या यह हल्का सा भी झटका देता है तो उसे तुरंत डिस्कनेक्ट कर दें। या तो उसकी मरम्मत कराएं या फिर उसे फेंक दें।
- हमेशा छोटे एप्लांयसेज़ या उपकरणों को साफ करने से पहले उनके प्लग स्विच से निकाल दें।
- **कई कनेक्शन वाले सॉकेट को ओवरलोड नहीं करें।**



## घर के बाहर सुरक्षा

- ओवरहेड पावर लाइन अगर नीची हो या जमीन पर गिरी हुई हो तो यह जानलेवा भी हो सकती है। अगर आपको ऐसा कोई तार दिखे तो तुरंत हमारी हेल्पलाइन पर कॉल करें।
- सीढ़ियों या अन्य किसी कंडक्टिव वस्तु को बिजली के तारों से दूर रखें क्योंकि आपको यह पता नहीं भी हो सकता है कि उस तार में करंट है या नहीं।
- किसी इलेक्ट्रिकल ट्रांसफॉर्मर या लैंप पोस्ट और उनके आसपास रखे बिजली के इक्विपमेंटों को छुए नहीं। इन्हें छूना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।



CESC
RAJASTHAN


**Bikaner Electricity Supply Limited**
(A franchisee of JdVVNL & a wholly-owned subsidiary of CESC Limited)

**Corporate Office:**

CESC Rajasthan
2nd Floor, 3-K-9 PawanPuri,
Bikaner, Rajasthan – 334001



***Published and printed by***

**Arijit Basu**
Deputy General Manager

E: bkesl@rp-sg.in

**Website: www.cescrajasthan.co.in**


RP - Sanjiv Goenka Group

CESC
RAJASTHAN




CESC
RAJASTHAN

**विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने के नतीजे खतरनाक होंगे! ध्यान रखें कि बिजली के साथ असावधानी बरतना जानलेवा साबित हो सकता है।**

इस पुस्तिका के ज़रिए हम आपके सामने कुछ ऐसी सामान्य सावधानियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका बिजली के साथ काम करते हुए हमेशा पालन करना चाहिए।

## आपके बच्चे के लिए सुरक्षा

- बिजली के उपकरणों को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। उन्हें यह सिखाएं कि कभी भी बिजली के एप्लांयसेज़ और उपकरणों के साथ छेड़खानी नहीं करनी चाहिए।
- बच्चों को कभी भी बिजली की तारों के नीचे पतंग, मॉडल एरोप्लेन, गुब्बारे नहीं उड़ाने दें, भले ही धूप निकली हुई हो।
- **ऊपर से जाते हुए बिजली के तारों की वजह से पतंग के मांझे में स्टेटिक करंट बन सकता है,** जो बच्चों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है।
- बच्चों को कभी भी **उन पेड़ों पर नहीं चढ़ने दें, जिनके ऊपर यापास से तार गुज़र रहे हों।** हवा की वजह से पेड़ों की शाखाएं इन तारों को छू सकती हैं और इससे करंट लगने का डर बना रहता है।
- बच्चों को ट्रांसफॉर्मर/पिलर बॉक्स के ऊपर या उसके पास खेलने या फिर उनमें मौजूद छेद में कुछ भी डालने के खतरों के बारे में बताएं।
- अगर आपको कभी भी ऐसा कोई ट्रांसफॉर्मर/पिलर बॉक्स दिखाई दे, जिसमें ताला नहीं लगा हुआ है तो तुरंत नज़दीकी इमरजेंसी डिपो को फोन करें। इसे छुए नहीं।





## अपने घर को सुरक्षित रखना

- सुरक्षित वायरिंग लगवाएं। अपने घर की वायरिंग किसी सरकारी लाइसेंस प्राप्त इलेक्ट्रिकल ठेकेदार से ही लगवाएं। नियमित तौर पर इस वायरिंग की जांच करवाएं।
- **हल्की गुणवत्ता के तार खरीदकर कभी भी सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करें।**
- नियमित मेन स्विच लगाने के बजाय सुनिश्चित करें कि आपके घर में उचित रेटिंग की एमसीबी लगी हो। एमसीबी से आपको ओवरलोडिंग की सुविधा भी मिलेगी और साथ ही यह आपके घर की वायरिंग को शॉर्ट सर्किट से भी सुरक्षित रखेगी। इस तरह आपका घर शॉर्ट सर्किट के कारण लगने वाली आग से सुरक्षित रहेगा।
- अर्थ फॉल्ट/करंट लीक होने की स्थिति में किसी दुर्घटना से बचने के लिए अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर का उपयोग करें।
- आइसोलेटर्स का उपयोग करने से परहेज़ करें क्योंकि **जब वास्तव में इसकी ज़रूरत होगी** यह तुरंत बिजली सर्किट को आइसोलेट नहीं करेगा।
- **सुनिश्चित करें कि घर में उपयुक्त अर्थिंग सिस्टम लगा हुआ हो।** अर्थिंग के साथ हमेशा तीन पिन वाले प्लगों का इस्तेमाल करें।

